भाग
वली संख्या

## टीपें और आज्ञायें

**अनु सचिव,**

कृपया गत टीप पृष्ठ 97 के तलांश पर मा0विभागीय मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों का अवलोकन करना चाहें।

2. अवगत करना है कि प्रकरण जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 100 अवर अभियन्ताओं के नियोजन के सम्बन्ध में है। उक्त सम्बन्ध में गत टीप पृष्ठ 96–97 के कम में मा0विभागीय मंत्री जी द्वारा निम्नवत् निर्देशित किया गया है :–

> **"उपरोक्त अवर अभियन्ताओं को कैबिनेट के निर्णय के कम में P.M.C/आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से शीघ्र योजित करने की कार्यवाही की जाय"**

3. अवगत कराना है जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उक्त 100 अवर अभियन्ताओं के नियोजन के सम्बन्ध में कार्यालय आदेश संख्या–850 दिनांक 15.07.2021 (प/क) निर्गत किया गया है, जिसमें उक्त नियोजन, मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन द्वारा उपनल के माध्यम से कराये जाने के निर्देश हैं। चूंकि उक्त नियोजन अब P.M.C/आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं, अतः कार्यालय आदेश दिनांक 15.07.2021 में संशोधन किया जाना उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्तानुसार कृपया आदेशार्थ/निर्णयार्थ। तत्सम्बन्धी आलेख्य भी तैयार कर पत्रावली में रक्षित है।

(हस्ताक्षर)
30.7.2021

(हस्ताक्षर)
30.07.21
(पंकज कुमार मिश्र)
अनुभाग अधिकारी,
पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग-1,
उत्तराखण्ड शासन।

अवगत कराया जाता है कि उपनल स्वयं एक आउटसोर्सिंग एजेंसी है, अतः संदर्भित 100 अवर अभियंताओं के चयन हेतु अन्य आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन किया जाना होगा। तदनुसार आलेख्य पत्रावली के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

~~उपसचिव~~

(हस्ताक्षर)
30/7/2021
(अनुसचिव)

अपर सचिव

(हस्ताक्षर)
30/7/21
(महावीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव
पेयजल एवं सचिवालय
प्रशासन विभाग
उत्तराखण्ड शासन।

सचिव महोदय,

(हस्ताक्षर)
30.7.21
(उदय राज सिंह)
अपर सचिव
ग्राम्य विकास एवं पेयजल

(हस्ताक्षर)
(नितेश कुमार झा)
सचिव,
पेयजल

[redacted]

2-8-21

(रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट)

सूचना का अधिकार

उत्तराखण्ड शासन
पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग–1
संख्या–लो0सू0अ0– 57 / उन्तीस(1) / 2021–(35 सू0अ0)2021
देहरादून : दिनांक : 15 दिसम्बर, 2021

श्री प्रवीण शर्मा पीन्नी,
पुत्र श्री योगेश शर्मा,
जिला मीडिया प्रभारी, जन संघर्ष मोर्चा,
जीवनगढ़, पो0 अम्बाड़ी, देहरादून।

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में अपने अनुरोध पत्र दिनांक 04.12.2021, जो इस लोक प्राधिकारी स्तर पर दिनांक 10.12.2021 को प्राप्त हुआ है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. अवगत कराना है कि आपके उक्त अनुरोध पत्र 04.12.2021 में उल्लिखित वांछित सूचना के सम्बन्ध में निम्नवत् अवगत कराना है :–

| बिन्दु संख्या | उपलब्ध / धारित सूचना | कुल पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | पत्रावली संख्या–(09 अधि0) / 2020 के टीप पृष्ठ संख्या–63 से 98 | 35 |
| | शासन के पत्र संख्या–768 दिनांक 30.06.2021 | 02 |
| | शासन का पत्र संख्या–850 दिनांक 15.07.2021 | 01 |
| | शासन का पत्र संख्या–934 दिनांक 30.07.2021 | 01 |
| | शासन का पत्र संख्या–987 दिनांक 10.08.20201 | 01 |
| 2 | बिन्दु संख्या–2 के सम्बन्ध में इस लोक प्राधिकारी स्तर पर कोई सूचना उपलब्ध / धारित नहीं है। | – |
| | कुल पृष्ठ :– | 40 |

3. उक्त प्रस्तर–2 में उल्लिखित कुल 40 पृष्ठों की धारित सूचना, अनुरोध पत्र दिनांक 04.12.2021 में आपके द्वारा संलग्न श्री योगेश शर्मा के बी0पी0एल0 कार्ड के सापेक्ष उत्तराखण्ड सूचना का अधिकार नियमावली, 2013 में की गयी व्यवस्था के तहत इस पत्र के साथ संलग्न कर निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त के अतिरिक्त यदि आप संगत पत्रावली का अवलोकन करना चाहते हैं, तो किसी भी कार्यदिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में स्वयं के व्यय पर उपस्थित होकर पत्रावली के अवलोकनोपरान्त सूचना चिन्हित कर यथानियम प्रक्रिया सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

आपके उक्त पत्र में वांछित बिन्दुओं से सम्बन्धित उपरोक्तानुसार धारित सूचना से इतर यदि आप यदि आप उक्तनुसार प्रस्तर 2 में उल्लिखित सूचना से सन्तुष्ट न हों तो, विभागीय अपीलीय अधिकारी जिनका पदनाम व पता निम्नवत है, के सम्मुख सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रथम अपील योजित कर सकते है :–

श्री सुनील सिंह,
संयुक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन,
उत्तरी ब्लॉक, गढ़वाल मण्डल विकास निगम की कैन्टीन के समीप
4–सुभाष रोड, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

(पंकज कुमार मिश्र)
लोक सूचना अधिकारी / अनुभाग अधिकारी।

Scanned by CamScanner

B.P.L पत्र

रजी०

दिनांक 4/12/21

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी / सचिव कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

विषय:- सूचना अधि० अधि० के तहत सूचना उपलब्ध कराने विषयक।

महोदय,

कृपया निम्न सूचनाएँ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1- पेयजल एवं स्वच्छता अनुभाग -1 के पत्रांक सं० 890/उन्तीस(1)2021-(09 आदेश)/2020 दिनांक 15/3/21 के द्वारा 100 अवर अभियन्ताओं के नियोजन हेतु आदेश किये गये थे, उक्त मामले में नियोजित हुए 100 अवर अभियन्ताओं की सूची, आदेश की जायें, सम्बन्धित विभाग को उ० गये निर्देश की जायें, नोटशीट की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- बिन्दु सं० 01 के अनुसार मिशन निदेशक जल जीवन मिशन द्वारा 100 अवर अभियन्ताओं की नियुक्ति/नियोजन होने के उपरान्त शासन को प्रेषित प्रति की जायें।

संलग्नक - BPL प्रमाण पत्र 7310/169 की जायें।
- शासन के पत्र दिनांक 15/3/21 की प्रति, सुलभ सन्दर्भ हेतु।

प्रार्थी भवदीय

प्रवीण शर्मा पीन्नी
पुत्र श्री योगेश शर्मा
जिला मीडिया प्रभारी जन संघर्ष मोर्चा
जीवनगढ़ पो० अम्बाड़ी
देहरादून।

RV801617184IN [VR:82868016171BK India Post
RL VIKASNAGAR SO DEHRADUN (248198)
Counter No:2,04/12/2021,12:25
To:LOK SUCHANA ADHIKARI,-
PIN:248001, Dehradun GPO
From:PRAVEEN SHARMA,VIKS
Wt:26gms
Amt:27.00(Cash)
(Track on www.indiapost.gov.in)
(Dial 18002666868) (Wear Masks, Stay Safe)

Scanned by CamScanner